समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# अहमदाबाद विमान हादसे की जांच के लिए केद्रं ने बनाई हाई लेवल कमेटी, 3 महीने मे ं सौंपेगी रिपोर्ट।

Publisher

Published on 14 Jun 2025



## Air India फ्लाइट AI-171 हादसे की उच्चस्तरीय जांच शुरू, कई एजेसिंयां होंगी शामिल।

**नई दिल्ली :** अहमदाबाद में हुए **एयर इंडिया फ्लाइट AI-171 विमान हादसे** के बाद **केद्रं सरकार** ने बड़ा कदम उठाते हुए एक **हाई लेवल मल्टी-डिसिप्लिनरी कमेटी** का गठन किया है। यह कमेटी हादसे की विस्तृत जांच करेगी और तीन महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी। कमेटी का नेतृत्व **केद्रीय गृह सचिव** करेंगे और इसमें कई **केद्रीय** और **राज्य स्तरीय एजेसिंयों** को शामिल किया गया है।

**क्या है हादसे की पृष्ठभूमि ?**

**एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171,** जिसमें **242 लोग** सवार थे, हाल ही में **अहमदाबाद एयरपोर्ट** पर क्रैश हो गई। इस भीषण हादसे में अब तक **241 लोगों** की मौत हो चुकी है। केवल **एक यात्री, विश्वाश कुमार रमेश**, चमत्कारी रूप से जीवित बचे हैं। यह देश के सबसे बड़े विमान हादसों में से एक माना जा रहा है।

**कमेटी मे कौन-कौन शामिल होगा ?**

**सिविल एविएशन मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, इस हाई लेवल कमेटी मे निम्नलिखित सदस्य शामिल है:**

१. **केद्रीय गृह सचिव (अध्यक्ष)**

२. **नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव**
३. **गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव**
४. **गुजरात राज्य के गृह विभाग के प्रतिनिधि**
५. **राज्य आपदा प्रतिक्रिया प्राधिकरण के प्रतिनिधि**
६. **पुलिस आयुक्त, अहमदाबाद**
७. **डीजी, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA)**
८. **डीजी, BCAS (ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी)**
९. **भारतीय वायु सेना के निरीक्षण और सुरक्षा महानिदेशक**
१०. **विशेष निदेशक, आईबी**
११. **निदेशक, फॉरेंसिक साइंस**
इसके अलावा, आवश्यकतानुसार **विमानन विशेषज्ञ, दुर्घटना जांचकर्ता** और **कानूनी सलाहकार** भी जोड़े जा सकते हैं।

कमेटी क्या-क्या जांचेगी ?
१. **उड़ान डेटा और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर**
२. **विमान का रखरखाव रिकॉर्ड**
३. **एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) लॉग्स**
४. **गवाहों की गवाही और साइट निरीक्षण**
५. **चालक दल और अन्य कर्मियों से साक्षात्कार**
यदि जरूरत पड़ी तो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और विमान निर्माता से भी सहयोग लिया जाएगा।

## तीन महीने मे देनी होगी रिपोर्ट

कमेटी को 90 दिनों के भीतर हादसे की पूरी रिपोर्ट सौंपनी होगी। यह रिपोर्ट यह तय करेगी कि हादसा मानव त्रुटि, तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से हुआ। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए सुझाव और दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.